# कुत्ते ने बच्ची सहित दर्जन भर लोगों को किया घायल

## नया बस स्टैंड पर चाऊमीन लेने आई थी 7 साल की बच्ची, उसे बचाने पर वालों पर भी किया हमला

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 04 जुलाई. शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे नया बस स्टैंड पर चाऊमिन लेने आई एक 7 वर्षीय बच्ची फातमा पर एक काले रंग के कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वह नीचे गिर गई. बच्ची के गले के पास कांधे में काटकर बुरी तरह घायल कर दिया . बच्ची की चीखपुकार सुनकर अमन राजपूत समेत अन्य लोगों ने बमुश्किल उसे छुड़ाने का प्रयास किया तो उन पर भी हमलाकर घायल कर दिया. दोपहर 3 बजे से लेकर 4 बजे के बीच में नया बस स्टैंड पर उक्त बच्ची समेत 10 अन्य लोगों को भी काले कुत्ते ने अपना शिकार बनाया.**

काले कुत्ते के काटे जाने की खबर खेलते ही लोगों में दहशत फैल गई और लोग इधर-उधर कुत्ते से बचने के लिए भागते नजर आए. क्योंकि जो भी उसके सामने आ रहा था वो उसे अपना शिकार बनाता जा रहा था. जिससे नगर में दहशत फैल गई.

नया बस स्टैंड पर चाऊमीन खरीदने आई एक 7 वर्षीय फातिमा काजी मोहल्ला पर अचानक काले रंग का कुत्ता झपट पड़ा था, जिससे वह नीचे गिर गई थी. उसको बुरी तरह गर्दन के पास कंधे में दांत गड़ाने से गहरे जख्म हो गए है. वहां मौजूद लोगों ने बमुश्किल बच्ची को कुत्ते से छुड़ाया तो



इसके बाद एक-एक कर 9 अन्य लोगों अजय यादव श्यामनगर, लक्ष्मणसिंह बेरखेड़ी, अमीन खां चांदबड़, सौरभ लोधी खेजड़ा, विजय कुमार, आयुष, शकुन बाई, जितेंद्र, मनोहर को भी अपना शिकार बनाया. कई लोगों को नया बस स्टैंड क्षेत्र में अपना शिकार बनाते हुए उसने किसी को पैर तो किसी को हाथ और किसी को पीठ में काटा है.

इसके बाद वह भागता हुआ पुराना बस स्टैंड तरफ निकल गया और सागर रोड पर पठा वाले जैन किराना स्टोर के सामने एक अन्य व्यक्ति पर हमला कर अपना शिकार बनाया और भागता हुआ आगे निकल गया. लोग उससे बचने के लिए इधर-उधर किनारा कर रहे हैं . लेकिन वह अचानक हमला करके लोगों को घायल करता जा रहा है. उसके शिकार हुए एक -एक कर 11 लोग सिविल अस्पताल इलाज के लिए पहुंच गए हैं. जिनका डॉक्टरों द्वारा इलाज किया जा रहा है. खबर लिखे जाने तक कुत्ता इधर-उधर भागता फिर रहा है . वह किसी की पकड़ में नहीं आया. कुछ साहसी युवक हाथों में लाठियां लेकर कुत्ते को ढूंढ रहे हैं. इस संबंध में एसडीएम सौरभ मिश्रा का कहना है कि उन्होंने वेटरनरी डॉक्टर को सूचित किया है.

# मेधावी विद्यार्थियों को मिले लैपटॉप के चेक

## लैपटॉप मिलने से बच्चों को कौशल निखारने में होगी सुविधा : प्रभारी मंत्री

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 04 जुलाई. रायसेन शहर के सागर तिराहे स्थित चिड़िया टोल वन परिसर के कम्युनिटी हॉल में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण कार्यक्रम रखा गया. जिसमें मुख्य अतिथि मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा रायसेन जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार , सांची सीट के विधायक डॉ प्रभुराम चौधरीपूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया.**

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री पंवार ने कहा कि सरकार मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और निरंतर काम कर रही है. सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के लिए भी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है. यह सरकार की तरफ से तकनीकी शिक्षा की दिशा में बड़ी सौगात है.

प्रभारी मंत्री पंवार ने कहा कि आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने के लिए 25-25 हजार रुपये की राशि के चेक प्रदान किए गए हैं.विद्यार्थियों को लैपटॉप मिलने से अपने ज्ञान को बढ़ाने, कौशल को निखारने में सुविधा होगी. उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना विद्यार्थियों को विज्ञान और डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए संचालित की जा रही है.




आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को इस लैपटॉप से उच्च शिक्षा अध्ययन की विभिन्न शैलियों में सहायता प्राप्त होगी. लैपटॉप से उनकी प्रतिभा निखरेगी, जिससे प्रदेश के उज्जवल भविष्य की संभावनाएं अधिक सशक्त होंगी. सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने राशि प्रदान की गई है. यह बच्चों की पढ़ाई के लिए मददगार होगा. सरकार हर तरीके से बच्चों के शिक्षा के स्तर को बढ़ाने, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए, उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए काम कर रही है. बच्चे हमारे देश-प्रदेश का भविष्य हैं. यही मेधावी बच्चे आगे चलकर विभिन्न क्षेत्रों में हमारे जिले का, प्रदेश का और देश का नाम रोशन करेंगे.

# कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत

## पत्नी की मौत के बाद सहायता राशि के लिए आवेदन गया था भोपाल

अदनान खान, नवभारत

**सलामतपुर (रायसेन), 04 जुलाई. गुरुवार दोपहर सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज पर एक युवक की मोटरसाइकिल को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी. जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई. युवक अपनी पत्नी की सांप के काटने के बाद हुई मौत के बाद सहायता राशि का आवेदन देने भोपाल तहसील गया था. और वापस घर जाते समय रास्ते में हादसे का शिकार हो गया.**




पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रेलवे ओवरब्रिज पर दोपहर साढ़े बारह बजे के लगभग भोपाल से अपनी मोटरसाइकिल एमपी40 जेडएफ 8745 से बांकची गांव गंजबासौदा जिला विदिशा जा रहे नेतराम अहिरवार पिता चेन सिंह अहिरवार उम्र लगभग 31 वर्ष को तेज व लापरवाही से चल रही कार चालक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया. टक्कर इतनी भीषण थी कि नेतराम कार में फंस कर 15 से 20 फीट तक घिसटता रहा और सिर में गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही नेतराम की मौत हो गई. वहीं पुलिस ने कार जीजे18 बीजी 6034 को सूखी सेवनिया पुलिस की मदद से पकड़कर थाने में ज़ब्त कर लिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सांची सिविल अस्पताल में भेज दिया है.

**पत्नी की सांप के डसने से हुई थी मौत:** नेतराम अहिरवार अपनी पत्नी कविता और बच्चों के साथ गांधीनगर भोपाल के पास रहकर मजदूरी करता था. 20 अप्रैल की रात में घर पर सोते समय उसकी पत्नी कविता को सांप ने काट लिया. अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने कविता को मृत घोषित कर दिया. नेतराम की शादी लगभग 12 साल पहले हुई थी.

### इनका कहना है...

रेलवे ओवरब्रिज पर कार की टक्कर से मोटरसाइकिल चालक युवक की मौत हो गई है. कार को सूखी सेवनिया पुलिस की मदद से पकड़ लिया. मामला दर्ज कर मृतक नेतराम का शव पोस्टमार्टम के लिए सांची सिविल अस्पताल भेज दिया है. आगे की कार्रवाई जारी है.

**दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर**



# प्रदीप यादव श्रीहित हरिवंश कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष बने

**सलामतपुर, 04 जुलाई.** श्रीहित हरिवंश कल्याण समित की प्रदेश कोर कमेटी द्वारा शुक्रवार को प्रादेशित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राधिका शरण दास द्वारा सर्वसम्मति से सलामतपुर के प्रदीप यादव को श्रीहित हरिवंश कल्याण समिति जिला रायसेन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. विदित हो कि उक्त धार्मिक संस्था श्रीहित हरिवंश कल्याण समिति प्रदेश में विभिन धार्मिक कार्यक्रम, ज़रूरतमंदों की मदद करती रहती है.

प्रदीप यादव ने आभार व्यक्त करते हुये विश्वास दिलाया गया है

# जर्जर मकानों से कभी भी हो सकता हादसा

## डिसमेंटल करने में नगरपालिका बनी लापरवाह

**बेगमगंज, 04 जुलाई. मानसून आने पर पिछले एक सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है. ऐसे में नगर में आबादी के बीच मौजूद जर्जर भवनों से फिर खतरा मंडराने लगा है. अगर तेज बारिश में इनकी दीवारें या छत गिरी तो जानलेवा हो सकता है.**

नगरपालिका प्रशासन द्वारा ऐसे भवनों को डिसमेंटल करने में लापरवाही बरती जा रही है. गत वर्ष कलेक्टर ने जर्जर भवनों को चिन्हित कर उन्हें डिसमेंटल करने के आदेश दिए गए थे. तब नगरपालिका द्वारा सभी 18 वार्डों में सर्वे कराकर ऐसे क्षतिग्रस्त या जर्जर भवनों , घरों को चिन्हित करके मकान मालिकों को नोटिस भी दिए गए थे और दो-चार डिसमेंटल किए भी थे लेकिन कुछ पार्षदों के दवाब के चलते छूट गए थे. जो अब पहले से ज्यादा खतरनाक हो गए हैं.




हर साल सर्वे होता है, मकान मालिकों को नोटिस भी दिए गए लेकिन भवन स्वामियों द्वारा अपने क्षतिग्रस्त मकानों या उस हिस्से को डिसमेंटल नहीं किया गया. नगर के सबसे ज्यादा भीड़-भाड़ वाले व्यस्तम बाजार शिवालय चौक के सामने एवं कल्लू मास्साब की दुकान के पास बशीर खां करोला वालों का 70 साल पहले बना मकान पिछले 20 वर्षों से जीर्णशीर्ण स्थिति में है जिसका पिछला हिस्सा कल भरभराकर गिर गया लेकिन उनके मालिक जहां नहीं रहने से मकान वीरान है और चारों तरफ से उसकी दीवारें व छत भरभराकर कई बार गिर चुकी है. फिर भी पैसे की लालच में उन्होंने आगे की दुकानों को किराए पर दे रखा है. नगरपालिका प्रशासन इस भवन को डिसमेंटल नहीं कर रहा है जो बाजार में मार्किटिंग करने वाले ग्राहकों एवं आसपास के रहवासियों के लिए खतरा बना हुआ है.

# सेवाभाव से करें मरीज़ों का इलाज : सीएमएचओ

## जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 04 जुलाई. जिला अस्पताल का सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे ने गुरुवार को दोपहर किया आकस्मिक निरीक्षण.अस्पताल की तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जिम्मेदारों को हिदायत दी.उन्होंने कहा कि अस्पताल में आए मरीजों का इलाज सेवाभाव से करें.उन्होंने स्टाफ डॉक्टरों से कहा कि मरीजों और अटेंडरों के साथ नम्रता पूर्वक व्यवहार करें.**

**गंदगी, कीचड़ पर जताई नाराजगी:** जिला अस्पताल में निर्माणाधीन बिल्डिंग और निर्माण कार्यों के पीछे फैली गंदगी और कीचड़ पर सीएमएचओ डॉ मांडरे ने अस्पताल प्रबंधन पर नाराजगी जताई. उन्होंने कहा कि गंदगी कीचड़ पर पूरी तरह ध्यान दें और साफ सफाई करवाते रहें.उन्होंने ओपीडी, पर्चा रूम, दवा वितरण विंडो, लेबर रूम लैब आदि का भी निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया .



# किसानों को बीज मिनी किट का वितरित

**सिलवानी, 04 जुलाई.** कृषि विभाग के द्वारा वनाधिकार पट्टेधारी किसानों को बीज मिनी किट का वितरण किया जा रहा है. ताकि उन्हें बाजार से बीज का क्रय ना करना पड़े. इसी कड़ी में तहसील के प्रतापगढ़ ग्राम में संक्षिप्त कार्यक्रम में बीज किट का वितरण किया गया. आदिवासी भवन परिसर में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुनील मालवीय, सरपंच प्रतिनिधि राजेश राय की विशेष मौजूदगी में कृषि विभाग सिलवानी के द्वारा राष्ट्रीय खाद सुरक्षा मिशन दलहन यांजनांतर्गत वनाधिकार पटटाधारी लगभग 50 किसानों को नि:शुल्क अरहर बीज मिनी किट का वितरण किया गया. इस मौके पर इमरत पटेल, राहुल राय, गोविंद राठौर, दीपेश राठौर, हृदयराम, जालम सिंह आदि उपस्थित रहें.

# हाथ में जूते-चप्पल लेकर निकलते हैं स्कूली बच्चे

## भारी बारिश के दौरान बस स्टैंड क्षेत्र में भर जाता है पानी




नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 04 जुलाई. लगातार हो रही बारिस से जन जीवन प्रभावित हो रहा है. शुक्रवार को करीब 3 घंटे तक हुई झमाझम बारिश से सड़कें जलमग्न हो गईं, आवागमन प्रभावित हुआ. अलसुबह से प्रारंभ हुई बरसात लगातार रुक रुक कर दिन भर होती रही. झमाझम बारिश से नगर के मध्य से निकली बेगम नदी उफान पर आ गई. नागरिकों का कहना है कि इस सीजन की अभी तक की सबसे तेज बारिश देखी गई.**

लगातार हो रही बारिश से बस स्टैण्ड के पीछे वाले क्षेत्र में पानी भर गया. यहां पर पूर्व के सालों में कृषि कार्य किया जाता था. लेकिन बाद में भूमि स्वामी के द्वारा प्लाटिंग की जाकर भूखण्डों का विक्रय किया गया. बताया जा रहा है कि प्लाटिंग के समय भूमि स्वामी के द्वारा सर्व सुविधाओं के लोक लुभावने वादे किए गए थे. अल सुबह से हुई तेज बारिश से यहां पर घुटने-घुटने पानी भर गया. यहां पर पानी निकासी की कोई व्यवस्था नही होने से स्कूल जाने वाले नौनिहाल परेशान देखे गए. स्कूल वाहन दरवाजे तक पहुंच सके. छोटे-छोटे स्कूली बच्चे हाथ में चप्पल लेकर बीच पानी से निकलते देखे गए. जिसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है.

## एक नजर में



### सतधारा इको जंगल कैंप में प्रभारी मंत्री ने किया पौधरोपण

**सलामतपुर, 04 जुलाई.** रायसेन स्थित वन परिसर में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण कार्यक्रम में आए जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ने सतधारा इको जंगल कैंप में आम का पौधा लगाकर पौधरोपण किया. पौधरोपण कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण प्राकृतिक जंगल कम हो रहे हैं .शहरीकरण और कृषि विस्तार के लिए जंगलों की कटाई हो रही है. उन्होंने कहा कि पेड़ों से बादल आकर्षित होते हैं और अच्छी वर्षा होती है. कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी से हुई परेशानियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पेड़ ही प्राकृतिक ऑक्सीजन के स्रोत हैं. सतधारा इको जंगल कैंप में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री रामपाल राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष, भाजपा जिला अध्यक्ष, रायसेन कलेक्टर, एसपी और वन विभाग की डीएफओ ने भी पौधरोपण किया.




### मेधावी अदिति का प्रभारी मंत्री ने किया सम्मान

**उदयपुरा, 04 जुलाई.** प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना लैपटॉप वितरण कार्यक्रम जिला रायसेन में न्यू सर्वोदय हायर सेकेंडरी स्कूल उदयपुरा की कक्षा बारहवीं ( कॉमर्स ) की छात्रा अदिति बड़कुर सुपुत्री भगवान सिंह बड़कुर 12 वीं बोर्ड परीक्षा में 93 .2 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिला मेरिट मे दूसरा स्थान प्राप्त करने पर रायसेन जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार, पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत, डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा , जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा एवं एसपी पंकज पाण्डेय ने शुक्रवार को रायसेन मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया.

### आशुतोष इमने आदिवासी रत्न सम्मान से सम्मानित

**उदयपुरा, 04 जुलाई.** उदयपुरा के लिए आशुतोष इमने को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में राज्य स्तरीय स्वर्णिम सम्मान समारोह में तोखन साहू, आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री भारत सरकार के करकमलों से आदिवासी रत्न सम्मान प्रदान किया गया. यह सम्मान उन्हें डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों और समाज के प्रति समर्पण के लिए दिया गया है. आशुतोष ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनजातीय समाज की आवाज को एक नई पहचान दी है.

**मनमर्जी** ▶ सामुदायिक भवन में धान की रोपाई कराने मजदूरों को ठहराया

# सरकारी भवन का किया जा रहा दुरुपयोग

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 04 जुलाई. जनप्रतिनिधि सरकारी सामुदायिक भवन का दुरुपयोग निजी कार्यों में कर रहे हैं.इसका ताजा उदाहरण जनपद पंचायत सांची की ग्राम पंचायत कोटरा में शासकीय बिल्डिंग में सरपंच रतन सिंह बघेल और सचिव संध्या बघेल द्वारा उनके खेतों में धान की रोपाई कराने के लिए मजदूरों और उनके परिवारों को ठहरा दिया गया है. इस तरह जनप्रतिनिधि और कर्मचारी मिलजुलकर शासकीय भवन का दुरुपयोग किया जा रहा है.**



**स्थायी रूप से मजदूरों का डेरा:** सरपंच सचिव के रहमोकरम से मजदूरों के परिवारों द्वारा सरकारी भवन शादी हॉल में स्थायी रूप से डेरा डाल रखा है. सरकारी बिजली भी जला रहे हैं.बताया जाता है कि यह मजदूर सरपंच, सचिव सहित अन्य ग्रामीणों के खेतों में धान की रोपाई कर कमाई कर रहे हैं. वह बेरोकटोक सरकारी बिल्डिंग का दुरुपयोग कर रहे हैं.

### टीनशेड से चादरें गायब

शादी हॉल के आगे टीनशेड लगाया था. फिर सरपंच, सचिव की अनदेखी की वजह से टीनशेड की चादरें गायब कर दी. या फिर चोरी हो गईं.

### इनका कहना है...

यह मामला आपके द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया है. इस मामले की जांच पड़ताल करवा कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई कराई जाएगी.

**-शंकर पांसे, जनपद पंचायत सांची सीईओ**